संस्कृत महाविद्यालयों को उपलब्ध करायी जाने वाली वित्तीय सहायता

258. **श्रीमती मालती शर्मा:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार द्वारा संस्कृत महाविद्यालयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाती है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान प्रति वर्ष महाविद्यालय-वार कितनी सहायता धनराशि उपलध करायी गयी;

(ग) क्या सरकार संस्कृत महाविद्यालयों को दी जाने वाली सहायता धनराशि में वृद्धि करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) जी, हां।

(ख) विवरण अनुपत्र में दिया गया है। **[देखिए परिशिष्ट संख्या-179, अनुपत्र सं॰ 7]**

(ग) और (घ) इस समय इस तरह का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

खाद्यान्नों के उत्पादन की दर

259. **श्री राम जेठमलानी:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत वर्षों के दौरान देश में खाद्यान्नों की मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ खाद्यान्नों के उत्पादन की दर में भी वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो देश में वर्ष 1993-94, 1994-95 और 1995-96 के दौरान गेंहू, चावल, गन्ना, दलहन, तिलहन तथा कपास की राष्ट्रीय स्तर पर प्रति हैक्टर उत्पादन की औसत दर क्या-क्या रही है; और

(ग) उक्त खाद्यान्नों में से प्रत्येक की औसत उत्पादन दर विश्व की औसत उत्पादन दर से कितनी कम या अधिक रही है?

कृषि मंत्री (श्री चतुरानन मिश्र): (क) जी, हां।

(ख) तथा (ग) वर्ष 1995-96 के अलावा 1992-93, 1993-94 तथा 1994-95 के लिए अखिल भारतीय स्तर और 1994 के लिए विश्व स्तर पर गेहूं, चावल, गन्ना, दलहन, तिलहन तथा कपास की प्रति हैक्टेयर औसत उपज दशनि वाला विवरण संलग्न है।

विवरण

गेहूं, चावल, गन्ना, दलहन, तिलहन व कपास की प्रति हैक्टेयर औसत उपज अखिल भारत व विश्व की तुलना

(कि॰ग्रा॰ / हैक्टेयर)

	अखिल भारत				विश्व*
	1992-93	1993-94	1994-95	1995-96	1994
गेहूं	2327	2380	2559	2493	2445
चावल	1744	1888	1921	1850	2434
गन्ना	63843	67120	71254	68369	61108
कुल दलहन	573	598	609	562	847
कुल तिलहन	797	799	848	850	5602
कपास	257	249	257	246	592

* स्रोत: एफ॰ए॰ओ॰ उत्पादन शब्दकोश

Marketing facilities for Coconut in Andhra Pradesh

260. SHRI YERRA NARAYANA-SWAMY: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to introduce proper marketing facilities for coconuts produced in Andhra Pradesh;

(b) whether Government have conducted any market survey for the sale of coconuts in North India; and

(c) if so, the steps proposed to encourage a nation-wide marketing network for coconuts grown in Andhra Pradesh?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI CHATURANAN MISHRA): (a) There is no such proposal under consideration of Ministry of Agriculture.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.